तंगी को दृष्टिगत रखते हुए फिलहाल इन कार्यों को शुरू करने के प्रश्न पर विचार नहीं किया जा सकता । बहरहाल, भुज-नालिया मीटर लाइन का निर्माण-कार्य शुरू कर दिया गया है और इसके शीघ्र ही शुरू हो जाने की सम्भावना है ।

अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत और गांधी नगर में ई०एम०यू० सेवायें

154. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत और गांधीनगर में ई० एम० यू० (इलेक्ट्रिक मोटर यूनिट) सेवायें आरम्भ करने के लिये सरकार को गुजरात सरकार से कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो क्या इससे सम्बन्धित कार्य प्रगति पर है, और

(ख) यदि हां, तो इस मांग को कब तक पूरा कर दिये जाने की सम्भावना है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) जी हां ।

(ख) विरार-सूरत-बड़ोदरा-अहमदाबाद खण्ड पर बिजली गाड़ियां चलाने के लिए सर्वेक्षण आरम्भ कर दिया गया है । सर्वेक्षण पूरा हो जाने पर आगे की कार्रवाई के बारे में विचार किया जायेगा जो संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

छोटी लाइन को बड़ी लाइन में बदला जाना

155. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बीकानेर-मोरबी-नवलखी-मालिया और भावनगर सुरेन्द्र नगर छोटी लाइनों को कब तक बड़ी लाइनों में बदल दिए जाने की सम्भावना है,

(ख) इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा क्या प्राथमिकतायें दी गई है, और

(ग) क्या उन्हें सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया गया है ?

रेल मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) : (क) से (ग) राज्य सरकार ने प्राथमिकता देकर इन मीटर लाइनों को बड़ी लाइन में बदलने के लिए अनुरोध किया है । परन्तु इस समय इन लाइनों के परिवर्तन का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

Recruitment of Toga Teachers by Kendriya Vidyalaya Sangathan

156. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY; Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that following introduction of a scheme of Yoga teaching, hundreds of Yoga teachers were recruited by Kendriya Vidyalaya Sangathan about 5-6 years back;

(b) if so, what were the terms of service which were mutually agreed upon between these teachers and Kendriya Vidyalaya Sangathan;

(c) whether these terms of service have been unilaterally altered by KVS last year and the Yoga teachers have been forced to undertake Bachelor of Physical Education degree;

(d) whether Government have received any representation by any of the service association of KVS against the unilateral step;

(e) if so, what are the details thereof; and

(f) what is Government's stand on each of the points raised?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENTS OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) About 465 Yoga Teachers were recruited by the Kendriya Vidyalaya Sangathan on *ad-hoc* basis for one year initially under the experimental programme for introducing Yoga in Kendriya Vidyalayas.